तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 18.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 फरवरी 2024

11 कसेकेरा में श्रीमद भागवत कथा सुनने पहुंच...



12 लोकसभा चुनाव की तैयारी, डाटाबेस...





## खबर संक्षेप

### ओवरब्रिज पर ट्रक ने कार को मारी टक्कर

**महासमुंद।** नगर के ओवरब्रिज में एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। प्रार्थी चंद्रहास चंद्राकर पिता जोहनलाल चंद्राकर (40) निवासी कुर्मीपारा ने पुलिस को बताया कि ओवरब्रिज ढलान के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमजे 6377 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उसकी कार सीजी 04 एफजे 2096 को पीछे से टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### शराब जब्ती के दो मामले

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में शराब जब्त करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने पहले मामले जंघोरा पुल के पास आरोपी विकास सिंह ठाकुर पिता संतोष सिंह (51) निवासी मंदिर चौक पिथौरा के पास से 14050 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 6500 रुपए को जब्त किया है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम सोनासिल्ली एवं दुरुगपाली के बीच आरोपी अमित बाघमारे पिता दुलरवा (28) निवासी पचरी थाना पटेवा के पास से 1800 एमएल देशी शराब, कीमत 800 रुपए को जब्त किया है। दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (ए) के तहत कार्रवाई की गई है।

### दो आरोपियों से शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री मामले में दो आरोपियों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सलखंड नाला के पास आरोपी जयवन पिता गनपत सिदार (28) निवासी सलखंड के पास से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए और ग्राम अखराभांठा में आरोपी रमेश रात्रे पिता ईश्वर रात्रे के पास से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए जब्त किया गया है। दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### मवेशियों की तस्करी, दो लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने मवेशियों की तस्करी करने के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए 10 बछड़ों को छुड़ाया है। पुलिस ने बताया कि झलप चौक बागबाहरा में आरोपी अभिलाष साहू पिता चुरामन साहू (23) निवासी ग्राम बरबसपुर रानीतराई दुर्ग व एक अन्य बोलेरो पिकअप वाहन में 10 बछड़े को क्रूरतापूर्वक वाहन में भरकर परिवहन कर रहे थे। मामले में आरोपियों के खिलाफ 4, 6, 10, 11 छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

# भाजपाइयों ने बजट को सराहा, कांग्रेसियों ने बताया निराशाजनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गुरुवार को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश किया। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले प्रस्तुत इस बजट को विशेष नजरिए से देखा जा रहा है।

हालांकि यह वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं।लेकिन, अंतरिम बजट में भी केंद्र सरकार द्वारा अपनी प्राथमिकताओं और व्यय योजनाओं की एक झलक प्रस्तुत की गई। इस बजट में सरकार का फोकस वित्तीय स्थिरता, बुनियादी ढांचा निवेश, समावेशी विकास, हरित एवं सतत विकास और रणनीतिक कर समायोजन के उपायों पर होगा।

अंतरिम बजट, जिसे 'वोट-ऑन-अकाउंट' के रूप में भी जाना जाता है, आमतौर पर चुनावी वर्ष में प्रस्तुत किया जाता है और इसका उद्देश्य सरकार को तब तक अपने वित्तीय दायित्वों का प्रबंधन करने में मदद करना है जब तक कि एक नई सरकार का गठन नहीं हो जाता। नवनिर्वाचित सरकार के गठन के बाद जुलाई में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश होने की उम्मीद है। अंतरिम बजट पर पक्ष और विपक्ष द्वारा अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

### युवा, गरीब, महिला और किसानों को समर्पित बजट

सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू एवं सांसद प्रतिनिधि पवन साहू ने कहा है कि





यह बजट विकसित भारत के युवा, गरीब, महिला और किसानों को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किए बजट में सरकार की नियत और सोच को दर्शाता है, जो देश के निर्माण का बजट है। इसमें आजादी के अमृत काल में 2047 के भारत की नींव को मजबूत करने की सोच है। उन्होंने आगे कहा कि अंतरिम बजट में खाद्य सहित अन्य सामानों के दाम में ज्यादा फर्क नहीं पड़ा है, जिससे गरीब व सामान्य परिवारों को बड़ी राहत मिली है। सही मायनों में इस तरह देश के सभी वर्गों को ध्यान में रखा गया है, जिससे आने वाले दिनों में भारत एक सशक्त राष्ट्र निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा।

### केंद्र सरकार का विदाई बजट रहा निराशाजनक

पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा



पेश अंतरिम बजट को निराशाजनक करार देते हुए कहा कि इसमें देश की आम जनता के लिए कुछ भी नहीं है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 का लेखानुदान या अंतरिम बजट पेश करते हुए एक तरफ जहां आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिये पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव किया है, वहीं चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को संशोधित कर इसे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत कर दिया है। कुल 47.66 लाख करोड़ रुपये के व्यय का बजट पेश किया गया है।

### केंद्रीय बजट निराशाजनक, यह कार्पोरेट हितैषी

कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि केंद्रीय बजट निराशाजनक



है। यह कार्पोरेट का हितैषी बजट है। इसमें गरीबों और आम लोगों के लिए कुछ भी नहीं है। चालू वित्त वर्ष में 18 लाख करोड़ रुपए का बजट घाटा है। आने वाले साल में यह और बढ़ेगा। इसका मतलब है कि मोदी सरकार कर्ज लेकर अपना खर्च चला रही है। बजट भाषण बहुत छोटा और निराशाजनक था। बहुत अधिक बयानबाजी थी। कई मुद्दों को छुआ नहीं गया। बेरोजगारी जैसे मुद्दे का उल्लेख ही नहीं किया गया।

## गड़बड़ी : सूचना पर पहुंचे खाद्य अधिकारियों ने ट्रक और धान को किया जब्त

# डीओ मिला मोटे का, समिति ने कराई सरना धान की लोडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के समीपस्थ सहकारी समिति शेर में मोटा धान के एवज में सरना प्रजाति के धान का लोड करते हुए चार ट्रकों को पकड़ा गया। इन ट्रकों में लोड हो चुके करीब 1676 कट्टा 419 क्विंटल सरना धान को जब्त किया गया। साथ ही समिति प्रभारी पर भी कार्रवाई की अनुशंसा की जा रही है।

गुरुवार को प्राथमिक सहकारी समिति शेर के पूर्व अध्यक्ष परमानंद साहू ने देखा कि आदिश्वर राईस मिल के नाम से उठाव के लिए मोटा धान के पांच डीओ जारी किया गया है। लेकिन, उपार्जन केंद्र फड़ से सरना धान का उठाव किया जा रहा है। श्री साहू ने इसकी सूचना कुछ को दी गई। जब पत्रकार मौके पर पहुंचे तो देखा कि दो ट्रकों में धान लोड हो चुका है और दो ट्रकों में आधा धान लोड कर काम बंद कर दिया गया है। समिति प्रभारी नरेंद्र कुमार साहू को पूछने पर बताया कि उनकी अनुपस्थिति में धोखे से मोटा धान के बदले में सरना धान लोड कर दिया गया है। मौके पर पहुंचे शेर के धान खरीदी नोडल अधिकारी पटवारी खम्मन लाल साहू द्वारा पंचनामा तैयार किया गया। बाद में समिति पहुंचे सहायक खाद्य अधिकारी संजय शर्मा और खाद्य निरीक्षक सोनल चंद्राकर द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। आदिश्वर राईस मिल के संचालक जय चोपड़ा ने मामले में कहा है कि डीओ और गेट पास जमा किए जाने के बाद धान लोड कराए जाने की जिम्मेदारी समिति की होती है। चूंकि मैं बाहर हूं इसलिए समिति द्वारा कौन सा धान लोड कराया गया। वही बेहतर बता पाएंगे।



### सरना धान में ज्यादा चावल का उत्पादन

बताया जा रहा है कि सरना धान के कई प्रजाति है। इसमें एक हल्का लाल रंग का होता है, जो कि देशी प्रजाति है। इसमें मोटा धान की अपेक्षा ज्यादा चावल का उत्पादन होता है। इसलिए, राईस मिलर्स सरना धान का उठाव करने में ज्यादा रूचि लेते हैं। वहीं, सूत्रों की मानें तो सरना धान को मोटा धान के ही बराबर दाम मिलता है। इसलिए, समितियों में खरीदते समय इसे मोटा धान की श्रेणी में रखकर मिलर्स से सौदेबाजी की जाती है।

### ट्रक सहित सरना धान को किया गया जब्त

सहायक खाद्य अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि सूचना पर सहकारी समिति शेर के धान उपार्जन केंद्र में जांच की गई। जहां पर आदिश्वर राईस मिल के नाम पर धान उठाव के लिए कुल पांच डीओ जारी किया गया था। डीओ में प्रति ट्रक के लिए 240 क्विंटल मोटा धान के हिसाब से उठाव किया जाना था। लेकिन, मौके पर दो ट्रक में सरना धान का लोड किया जा चुका था और दो ट्रकों में लोडिंग चल रहा था, जिसे पंचनामा तैयार कर ट्रक सहित धान को जब्ती की कार्रवाई की गई है।

# जिले के 3 थाना क्षेत्रों से पकड़े गए 17 जुआरी, नकदी मोबाइल और बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- आरोपियों के पास से 26 हजार रूपए एवं 09 मोबाइल एवं 06 बाइक जब्त

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रुपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे लोगों के खिलाफ अलग-अलग थानों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नगद, मोबाईल और मोटर साइकिलें जब्त की है। मील जानकारी के अनुसार 17 जुआरियों से 26 हजार 230 रुपए नगद सहित नौ मोबाइल कीमती 40 हजार रुपए और छह मोटर सायकल कीमती 74 हजार रुपए जब्त कर जुआरियों के खिलाफ छग जूप्र अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई।

तीनों प्रकरण के संबंध में एसपी राजेश कुकरेजा ने बताया कि थाना खल्लारी में बुधवार को मुखबिर की सूचना पर थाना खल्लारी एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम आमनारा जंगल में जाकर दबिश दी गई। जहां पर 10 जुआरियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। मौके से राजेश दीवान साकिन बांदुमुड़ा, विभीषण सिन्हा बोइरगांव, पकज पटेल बागबाहरा, ईश्वर रात्रे कोमा, संतोष कुमार टंडन पथर्री, नीलकंठ मानिकपुरी कसहीबाहरा, कमलेश भट्ट बागबाहरा, रज्जा खान बागबाहरा, नरेंद्र साहू बोइरगांव एवं तुलाराम पटेल साकिन रामपुर को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से नगदी रकम 16 हजार रुपए एवं 09 नग मोबाईल कीमती 40 हजार रुपए और 06 नग मोटर सायकल कीमती 74 हजार रुपए जुमला कीमती एक लाख 30 हजार रुपए को जप्त किया गया। इसी प्रकार चौकी बुंदेली क्षेत्र में जुआरी लतीफ हुसैन निवासी कोल्दा, मुकेश अग्रवाल पिथौरा और संजू दास निवासी बुंदेली के कब्जे से कुल 7060 रुपए नगद 52 पत्ती ताश जब्त किया गया। इसी प्रकार थाना बागबाहरा क्षेत्र में सिटी सिनेमा के बाजू बागबाहरा से राकेश चंद्राकर बागबाहरा, ललित ठाकुर व्यापारी तालाब बागबाहरा, अविनाश कुमार थानापारा बागबाहरा और राजू यादव थानापारा बागबाहरा को काटपत्ती नामक जुआ खेलते हुए पकड़ा गया तथा इनके कब्जे से कुल 3170 रुपए नगद जब्त किया गया।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत 30 बच्चों की हुई पतासाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ऑपरेशन मुस्कान के तहत जनवरी माह में चलाए गए अभियान में जिला पुलिस द्वारा विभिन्न राज्यों से 30 गुम बच्चों की खोजबीन कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपुंजे के निर्देशन तथा उपपुलिस अधीक्षक सारिका वैद्य के मार्गदर्शन में जिला महासमुंद के विभित्र थानों से गुम हुए बालक बालिकाओं को ओडिशा राज्य से 03 बालिका, उत्तरप्रदेश से 04 बालिका, महाराष्ट्र राज्य से 01 बालिका, छत्तीसगढ़ से 01 बालक एवं 21 बालिकाएं कुल 30 बच्चों को आपरेशन मुस्कान के तहत खोजबीन किया गया। इसमें महासमुंद थाना में 5 बालिका, तुमगांव में 2 बालिका, खल्लारी में 1 बालिका, पिथौरा में 2 बालिका, पटेवा में 1 बालिका, सांकरा में 1 बालिका, बागबाहरा में 2 बालिका, तेंदुकोना में 3 बालिका, कोमाखान में 3 बालिका, सरायपाली में 1 बालिका, बसना में 1 बालक एवं 5 बालिका, सिंघोड़ा में 1 बालिका और बलौदा थाना में 2 बालिका के गुमशुदगी का प्रकरण दर्ज था।

## दीर्घशंख प्रक्षालन के पूर्व नियमित योगाभ्यास आवश्यक : विद्यानंद





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा 11 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन कचहरी चौक महासमुंद में आरम्भ हुआ। शिविर शिवानंद कुटीर योगाश्रम डोंगरगढ़ के संचालक व योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

बता दें कि इस 11 दिवसीय योग शिविर में योगाभ्यासी प्रशिक्षणार्थियों को आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा व षटकर्म की क्रिया, दीर्घशंख प्रक्षालन एवं जलनेति, कुंजल की क्रियाएं कराई जाएगी। शिविर में स्वामी विद्यानंद सरस्वती ने कहा कि दीर्घशंख प्रज्ञालन के पूर्व योगासन करना अति आवश्यक होता है, जिससे शंख प्रज्ञालन क्रिया में कठिनाइयां नहीं आती है, इसलिए कहा गया है कि योग शिविर में शामिल होकर पंजीयन करा लें। वे ही दीर्घशंख प्रक्षालन के पात्र होंगे। विदित हो कि दीर्घशंख प्रक्षालन की क्रिया महत्वपूर्ण है, जो स्वामी के निर्देशन में किया जाता है, जो संपूर्ण शरीर के शुद्धिकरण का अभ्यास है। योगाभ्यास का समय पुरुष वर्ग/महिला वर्ग संयुक्त समय प्रातः 5.30 बजे से 7 बजे एवं सायं 6.30 से 8 बजे महिला वर्ग बच्चों का दोपहर 3.30 बजे से 5 बजे तक रहेगा। प्रतिदिन रोगोपचार के लिए प्रातः 7 से 8 तक समय निर्धारित किया गया है, जिसमें स्वामी द्वारा रोग उपचार के लिए आसन बताएंगे। आयोजकों ने नगर व ग्रामवासियों से योग शिविर में शामिल होकर लाभ उठाने का आग्रह किया है। शिविर में योग के पश्चात सभी प्रशिक्षणार्थियों को मूंग चने का आहार दिया जा रहा है।



## बढ़ी तारीख के प्रथम दिन सिर्फ दो हजार क्विंटल धान की खरीदी

**महासमुंद।** बढ़ी हुई तारीख के लिए आदेश जारी होने में देरी के कारण किसानों को पर्याप्त टोकन जारी नहीं किया जा सका। जिसके कारण समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान के लिए बढ़ी हुई तारीख के पहले दिन सिर्फ दो हजार क्विंटल धान ही खरीदा जा सका। जबकि, अभी भी 6489 पंजीकृत किसान अब तक एक बार भी धान नहीं बेच पाए हैं। बता दें कि खरीफ सीजन के धान को समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए एक नंवबर से 31 जनवरी तक तारीख तय की गई थी। लेकिन, विधानसभा चुनाव और बारिश के कारण जिले सहित प्रदेश के हजारों किसान तय तिथि तक धान बेचने से वंचित हो गए थे। जिसके कारण धान खरीदी की तिथि चार दिन और बढ़ा दिया गया है। अब सरकारी दर पर 4 फरवरी तक धान खरीदा जाएगा। लेकिन, शासन द्वारा जारी आदेश आने में देरी होने के कारण एक फरवरी के लिए बहुत कम किसानों को टोकन जारी किया जा सका। जानकारी के मुताबिक बढ़ी हुई पहली तिथि के लिए सिर्फ 4317 क्विंटल के लिए टोकन जारी किया गया था।

## मोबाइल नंबर बदलने या नहीं होने से एप से नहीं हो पा रहा नवीनीकरण का कार्य

# दुकानों का नवीनीकरण कार्य आसान, मोबाइल में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य जिले में बहुत मंद गति से चल रहा है। इसकी मुख्य वजह नवीनीकरण के लिए जारी एप का लगातार सर्वर डाउन होना है। वहीं, हितग्राहियों के मोबाइल नंबर गलत या बिना नंबर राशन कार्ड जारी किए जाने तथा सर्वर समस्या की वजह से इन दिनों राशन कार्ड के नवीनीकरण में अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है।

यह समस्या पीडीएस दुकानों में चल रहे कार्य में भी आ रहा है। लेकिन, जिनका केवाईसी और मोबाइल नंबर सहीं है, उनका दुकानों में आसानी से हो जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार आम जनता की सुविधा के लिए घर बैठे ऑनलाइन एप से राशनकार्ड नवीनीकरण की सुविधा का विकल्प है, पर इसके लिए संबंधित कार्डधारक का मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड होना जरूरी है। शहर तथा ग्रामीण अंचल में 25 जनवरी से शहर में राशन कार्ड का नवीनीकरण शुरू हुआ है। जिले में कुल 3 लाख 33 हजार 111 कार्ड है। इनमें से 35296 कार्डों का हितग्राहियों द्वारा स्वयं से तथा 30953 कार्डों का दुकानों से नवीनीकरण किया जा चुका है। चूंकि, इस बार ऑनलाइन तथा उचित मूल्य की दुकान ही विकल्प है। इधर इंटरनेट का सर्वर डाउन होने से चॉइस सेंटरों तथा विभाग को खासी परेशानी उठानी पड़ी। राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए जिस महिला के नाम से कार्ड है उसे ही आना अनिवार्य है। इस वजह से परेशानी और बढ़ गई है। आवेदन और राशन कार्ड में दर्ज नाम में कोई छोटी भी गलती हो तो कर्मचारी महिलाओं को दोबारा नया आवेदन भरने की सलाह दी जा रही है।



### नवीनीकरण के लिए बचे 14 दिन

नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग को 15 फरवरी तक का ही समय मिला है, जिसमें अब केवल 14 दिन शेष है। इस वजह से महिलाएं जल्द से जल्द यह काम करना चाहती हैं। इसके कारण कामकाजी महिलाएं छुट्टी लेकर राशन कार्ड का काम निपटा रही हैं। भीड़ अधिक होने के कारण समय लग रहा है।

### 330 दुकानों ने एप इंस्टॉल नहीं किया

बता दें कि जिले में कुल 593 दुकानें है। लेकिन, इनमें से केवल 263 दुकानों में ही नवीनीकरण हेतु एप इंस्टॉल किया गया है। 330 दुकानों में एप इंस्टॉल नहीं किया गया है। दुकानदारों का कहना है सर्वर डाउन होने की वजह से एप इंस्टॉल नहीं किया गया। सर्वर की समस्या ठीक होते ही एप इंस्टॉल कर नवीनीकरण कार्य किया जाएगा।

हरिभूमि पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

# पीएम आवास शहरी : आधे-अधूरे 65 हजार मकान दो माह में करने होंगे पूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत दो साल पहले स्वीकृत किए गए 2 लाख 24 हजार 310 मकानों में से 65 हजार 280 मकान अब तक आधे-अधूरे ही बन पाए हैं। उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के भारसाधक मंत्री अरुण साव ने इस स्थिति को गंभीरता से लिया है।

उन्होंने इन सभी मकानों को 31 मार्च तक पूरा तैयार करने का निर्देश दिया है। इसी योजना के तहत मंजूर मकानों में से 20 हजार 259 आवास बनना ही शुरू नहीं हुए हैं। इन्हें दो चरणों में मार्च तक बनाना शुरू करने कहा गया है।

## अब सरकार ने दी अफसरों को कड़ी चेतावनी, दो साल पहले हुए थे स्वीकृत, लेकिन काम अधूरा

### समीक्षा बैठक से सामने आई जानकारी

छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पूरी तरह विवाद में रही। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी मोर जमीन मोर मकान घटक (बीएलसी) के तहत भी कामकाज बेहद ढीला रहा है। उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के भारसाधक मंत्री अरुण साव ने पिछले दिनों जब प्रदेश के सभी नगरीय निकायों की समीक्षा की, तो ये बात सामने आई कि पीएम शहरी के मकान निर्माण का काम आधा-अधूरा और असंतोष जनक है। लिहाजा अब इन मकानों के निर्माण को लेकर कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।




### ये है पीएम आवास शहरी का हाल

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी मोर जमीन-मोर मकान (बीएलसी घटक) के अंतर्गत दो साल पहले वर्ष 2022 मार्च में कुल 2 लाख 24 हजार 310 आवास स्वीकृत किए गए थे। इनमें अब तक 65 हजार 280 मकान आधे-अधूरे हैं, यानी प्रगतिरत हैं। इन मकानों को 31 मार्च तक अनिवार्यतः पूरा करने कहा गया है। इन्ही स्वीकृत आवासों में से 20 हजार 259 अब तक बनना ही शुरू नहीं हुए हैं, यानी अप्रारंभ हैं। इनके संबंध में कहा गया है कि 5 हजार 354 मकानों को तत्काल बनाना शुरू किया जाए। इसी तरह अप्रारंभ 14 हजार 905 आवास को 29 फरवरी से बनाना शुरू करें। यह काम तय तारीख पर अनिवार्यतः करने कहा गया है।

### देर की तो होगी कड़ी कार्रवाई

उपमुख्यमंत्री के निर्देश के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों को आदेश जारी किया है। इसी आदेश में कहा गया है कि शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य को निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, योजना के नोडल अधिकारी, संबंधित एसएलटी विशेषज्ञ, सीएलटी विशेषज्ञ के विरुद्ध जिम्मेदारी तय कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। खास बात ये है कि इसी आदेश में साफ किया गया है कि पीएम आवास शहरी राज्य शासन की प्राथमिकता का विषय है। शासन द्वारा दिए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए की गई कार्यवाही का मूल्यांकन संबंधित आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों के गोपनीय प्रतिवेदन में दर्शित होगा।

## खबर संक्षेप

### सीएम साय का पैतृक निवास कैंप कार्यालय घोषित



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के ग्राम बगिया, विकासखंड कांसाबेल, जिला जशपुर में स्थित उनके पैतृक गृह को मुख्यमंत्री का कैम्प कार्यालय घोषित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेशानुसार प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन एवं सुरक्षा संबंधी कारणों को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

### बैगा आदिवासियों की मौत कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**रायपुर।** कवर्धा के नागडबरा गांव में तीन बैगा आदिवासियों की मौत के मामले में कांग्रेस ने जांच समिति बनाई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने ममता चंद्राकर, पूर्व विधायक पंडरिया को इस समिति का अध्यक्ष बनाया है। समिति के अन्य सदस्यों में नीलकंठ वंद्रवंशी पूर्व प्रत्याशी, जिला अध्यक्ष होरी राम साहू, ब्लॉक अध्यक्ष नवीन जायसवाल, इतवारी राम बैगा, रामकुमार सिन्हा पंचायत प्रतिनिधि को शामिल किया है। जारी आदेश में समिति के सदस्यों को घटनास्थल पर जाकर लोगों से वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर प्रतिवेदन पीसीसी को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

### लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने बदले 4 जिलाध्यक्ष

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव अपनी नई टीम तैयार कर रहे हैं। चुनाव से पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने चार जिलों के जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की है। रायपुर ग्रामीण, भिलाई, बालोद और धमतरी के पदाधिकारियों को बदला गया है। जारी सूची के अनुसार पवन साहू को बालोद, प्रकाश बैस को धमतरी, श्याम नारंग रायपुर ग्रामीण और महेश वर्मा को भिलाई जिलाध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा ने भिलाई जिलाध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया को पद से हटा दिया है। उनके स्थान पर चार बार के पार्षद महेश वर्मा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया पर कोषाध्यक्ष के संज्ञान के बिना जिला भाजपा के खाते से पैसे निकालने का आरोप लगा था। भाजपा ने विधानसभा चुनाव से एक साल पहले ही भिलाई जिलाध्यक्ष के पद में बदलाव किया था।

### बिजनेस पार्टनर से ठगी, ब्लैकमेलिंग

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक कारोबारी ने दूसरे कारोबारी के खिलाफ निजी न्यूज चैनल का ब्यूरो हेड बनाने का झांसा देकर डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही पैसा वापस मांगने पर उनके मोबाइल से निजी जानकारी हासिल कर ब्लैकमेलिंग करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक विजय अग्रवाल ने मनोज अग्रवाल के खिलाफ ठगी तथा ब्लैकमेलिंग करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### कर्मचारी ने की दुकान में चोरी

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने में एक मोबाइल रिपेयर कारोबारी ने अपनी दुकान के कर्मचारी के खिलाफ दो कीमती मोबाइल के 65 हजार रुपए के इलेक्ट्रॉनिक पाट्‌र्स चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक पंडरी स्थित आलआई मोबाइल रिपेयर शॉप के संचालक सिद्धांत केशरवानी ने शुभम महावार के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सिद्धांत ने पुलिस को बताया है कि उनके मोबाइल रिपेयर शॉप में बनने के लिए आए दो मोबाइल के महंगे पाट्‌र्स को उसके कर्मचारी ने चोरी कर लिया।

### हिसाब की बात को लेकर मारपीट

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के खिलाफ हिसाब की बात को लेकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक प्रियदर्शनी नगर निवासी अशोक कुमार वर्मा ने भरत त्रिवेदी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अशोक ने पुलिस को बताया है कि भरत ने हिसाब की बात को लेकर उसके साथ मारपीट की।

## कांग्रेस महासचिव सिसोदिया ने पार्टी से दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एआईसीसी के सदस्य व कांग्रेस महासचिव अरुण सिंह सिसोदिया ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। सिसोदिया ने अपने इस्तीफे की प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित अन्य नेताओं को भेजी है। इनमें नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत, सह प्रभारी विजय जांगिड़, चंदन यादव, सप्तगिरी उल्का व प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू शामिल हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा और उनके अन्य साथियों के दबाव को इसका कारण बताया है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान बूथ गठन व प्रबंधन की जिम्मेदारी मुझ पर थी। मैंने 18,300 बूथों का गठन किया। लक्ष्य 23,902 बूथों के गठन का रखा गया था। यह लक्ष्य रोक-टोक व बेवजह हस्तक्षेप के कारण पूरा नहीं हो पाया। सिसोदिया ने कहा कि मैंने 20 साल पार्टी की सेवा की, लेकिन कुछ वर्ष पहले आए लोगों को उपकृत किया गया। साजिश के तहत मुझे प्रदेश महामंत्री व प्रदेश महामंत्री संगठन व प्रशासन से हटा दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव के दौरान बूथ गठन व अन्य डेटा विनोद वर्मा के पास साप्ट और हार्ड कापी में उपलब्ध है। यह पीसीसी की गोपनीय जानकारी है, इसे सुरक्षित किया जाना चाहिए।



## कलेक्टर पारागांव बुनकर सहकारी समिति की महिला सदस्यों से हुए रूबरू

# एफपीओ के माध्यम से सीधे बाजार से जुड़ेंगे तो बुनकर कारीगरों को मिलेगा उत्पादों का बेहतर मूल्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कलेक्टर गौरव सिंह ने बुधवार को पारागांव के जयदुर्गा बुनकर सहकारी समिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समिति की महिला सदस्यों से बातचीत करने के बाद अधिकारियों को बुनकर व बंसोड़ समाज के सदस्यों के लिए एफपीओ बनाने के निर्देश दिए, ताकि कारीगर सीधे बाजार से जुड़ सकें और वर्तमान मांग के अनुसार उत्पाद तैयार कर पाएं। इससे बाजार में उत्पादों का बेहतर मूल्य भी मिल पाएगा।

- बुनकर और बंसोड़ समाज के सदस्य सीधे बाजार से जुड़ सके इसके लिए दिए एफपीओ बनाने निर्देश

कलेक्टर से बातचीत करते हुए बुनकर समिति की महिला सदस्यों ने अपने कार्य की जानकारी दी। महिलाओं ने कलेक्टर को अपनी समस्याएं भी बताई। उन्होंने बताया कि उत्पादकता बढ़ाने के लिए मशीन की आवश्यकता है, वहीं शासकीय दर पर बांस लेने में कठिनाई हो रही है। कलेक्टर ने दोनों समस्या को जल्द से जल्द दूर करने अधिकारियों को निर्देशित किया। डा. सिंह ने दोनों समूह के सदस्यों से कहा कि आपके हाथ में हुनर है आप इनका बेहतर तरीके से उपयोग कीजिए और वर्तमान बाजार की मांगों के अनुरूप उत्पाद बनाएं। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि इन कारीगरों के एफपीओ बनाएं और उन्हें सीधे बाजार से जोड़ें ताकि उत्पाद का और बेहतर मूल्य मिले। कलेक्टर ने अपने प्रवास के दौरान मानिकचौरी धान खरीदी केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने धान की खरीदी एवं उठाव की जानकारी ली। इस दौरान उठाव का काम धीमा देखकर जल्द धान के उठाव के निर्देश दिए। डा. सिंह ने पारागांव के ग्रामीणों से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर भी बातचीत की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के 80 लोगों ने विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीयन कराया है। कलेक्टर ने सरपंच को तत्काल वेरिफिकेशन कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वद्वीप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## जनसंपर्क संचालनालय के उपसंचालक मरकाम को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

*रायपुर। जनसंपर्क संचालनालय के उप संचालक मनराखन मरकाम को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने दी। 31 वर्षों तक विभाग को अपनी सेवाएं देने के बाद 31 जनवरी को मरकाम सेवानिवृत्त हुए। मरकाम ने अपनी सेवाओं के 7 साल 8 महीने मध्यप्रदेश में एवं 23 साल छत्तीसगढ़ में बिताये। इस मौके पर अपने अनुभव साझा करते हुए मरकाम ने कहा कि जनसंपर्क विभाग में बिताए गए 31 वर्ष बहुत यादगार अनुभव हैं। इन वर्षों में साथी अधिकारियों के साथ सभी विभागीय दायित्वों का मनोयोग से पालन किया। जनसंपर्क विभाग में अधिकारियों से बहुत स्नेह मिला, जो हमेशा यादगार रहेगा। इस मौके पर अपर संचालक संजीव तिवारी ने कहा कि श्री मरकाम को सौंपे गए सभी दायित्व उन्होंने अच्छी तरह से पूरे किए। कार्य के प्रति उनकी सजगता और मेहनत सराहनीय है। अपर संचालक हर्षा पौराणिक ने इस मौके पर कहा कि श्री मरकाम ने तीन दशक विभाग को दिए और पूरी मेहनत से अपना कार्य अच्छी तरह संपादित कर सेवानिवृत्त हुए हैं। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस दौरान संयुक्त संचालक पंकज गुप्ता, धनंजय राठौर, डीएस कुशराम, सुरेंद्र ठाकुर एवं बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।*

## टीएल बैठक से नहीं बच सकेंगे विभागों के जिला अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा करने टीएल बैठक लेते हैं। इस बैठक में विभागों के जिला अधिकारियों को बुलाया जाता है, लेकिन कई अधिकारी किसी कारण से या बहाना बनाकर अपने अधीनस्थ अधिकारियों को प्रतिनिधि बनाकर बैठक में भेज देते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा। कलेक्टर ने इसके लिए नई व्यवस्था लागू की है। इसके तहत अनुपस्थित जिला अधिकारियों की अगले दिन समीक्षा बैठक ली जाएगी। इस तरह अब अधिकारी टीएल बैठक से बच नहीं सकेंगे।

### सभी विभागों को भेजा पत्र

कलेक्टर ने इस संबंध में सभी विभागों को पत्र लिखकर निर्देश किया है कि समय-सीमा की बैठक में कुछ विभागों के जिला प्रमुख अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण उनके विभागीय गतिविधियों की समीक्षा नहीं हो पाती। इसे देखते हुए नई व्यवस्था बनाई गई है, जिसे अनिवार्य रूप से सभी विभागों के जिला अधिकारियों को पालन करना है। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में भी नहीं पहुंचते कई विभागों के जिला अधिकारी जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में भी सभी विभागों के जिला अधिकारियों को उपस्थित होना होता है, लेकिन कई अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों को प्रतिनिधि बनाकर भेज देते हैं। इसे लेकर कई बार जिला पंचायत के सदस्य भी आपत्ति जता चुके हैं।

## बैज बोले- धान खरीदी की तिथि 1 मार्च तक बढ़ाएं, 4 दिन बढ़ाना अपर्याप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा, धान खरीदी की तारीख सिर्फ 4 फरवरी तक बढ़ाया जाना अपर्याप्त है। 1 मार्च तक धान खरीदी की तारीख बढ़ाई जाये। उन्होंने कहा, अभी भी 5 लाख से अधिक किसान धान बेच नहीं पाये हैं। वहीं 21 क्विंटल के हिसाब से पूर्व में 20 क्विंटल धान बेच चुके किसानों से प्रति एकड़ 1 क्विंटल अतिरिक्त धान की खरीदी की जानी है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने इस वर्ष क़े लिए 135 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य तय किया था। तब प्रति एकड़ 20 क्विंटल की खरीदी तय हुआ था। वर्तमान में ज़ब प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी क़े आदेश जारी हो गए हैं, तो लक्ष्य भी 150 लाख मीट्रिक टन खरीदी पहुंचेगी, इसलिये एक महीने धान की खरीदी की तारीख बढ़ाई जाये।

- 3100 रुपए कीमत और एकमुश्त भुगतान कब होगा सरकार बताए?

उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किसानों से वादा किया है कि वह धान की क़ीमत 3100 रुपए प्रति क्विंटल देगी। किसानों को एकमुश्त भुगतान धान बेचने के तुरंत बाद खरीदी केन्द्रों की ग्राम पंचायतों में ही अलग से काउंटर बना कर किया जायेगा। शासन की तरफ से इस संबंध में कोई निर्णय अभी तक नहीं लिया गया है, जिसके कारण उनको समर्थन मूल्य पर ही भुगतान हो रहा है। किसान चिंतित हैं कि उनको 3100 रुपए की क़ीमत कैसे और कब मिलेगी? सरकार को इसको स्पष्ट करना चाहिये।



## शक्ति वंदन अभियान में होगा स्वसहायता बहनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वसहायता समूह एवं एनजीओ से जुड़ी बहनों को लेकर भाजपा बूथ स्तर पर वृहत अभियान चलाकर प्रत्येक शक्ति केंद्र स्तर पर 150 बहनों व विधानसभा स्तर पर 6000 हजार बहनों से संवाद स्थापित करेगी। उनका सम्मेलन आयोजित कर स्वसहायता समूह एवं एनजीओ से जुड़ी बहनों का अभिनंदन, सम्मान कर उन्हें मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ पहुंचाने का कार्यक्रम तय किया गया है। भारतीय जनता पार्टी, रायपुर जिले द्वारा जिले में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को इस सम्बन्ध में प्रशिक्षित किया गया। भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं शक्ति वंदन अभियान के प्रदेश संयोजक प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की आधी आबादी नारी शक्ति के सम्मान में वृहत अभियान कार्य योजना बनाई है। नारी तू नारायणी इस आदर्श शब्दों को धरातल पर उतारते हुए विभिन्न योजनाएं नारी शक्ति के लिए बना रही है। हम सब कार्यकर्ताओं का यह नैतिक दायित्व है कि हम केंद्र सरकार की योजनाओं को जन साधारण तक पहुंचाएं, इसके लिए शक्ति वंदन अभियान हमें बूथ स्तर तक पहुंचाकर नारी शक्ति के साथ संवाद स्थापित करें।

## चुनाव ड्यूटी से गायब नोटिस भेजा तो लेने से इंकार, किया निलंबित

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव की ड्यूटी के दौरान बिना सूचना दिए अवकाश लेने वाले इकलौते सरकारी सेवक पर निलंबन की गाज गिरी है। यह गाज अभनपुर नगर पंचायत के उप अभियंता आशीष कुमार शर्मा पर गिरी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसे आशीष शर्मा ने लेने से ही इनकार कर दिया था। इसके बाद रायपुर संभाग आयुक्त ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के नियम 9 के तहत निलंबित कर दिया है। विधानसभा चुनाव के दौरान जिले के सातों विधानसभा चुनाव में अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसके तहत उपअभियंता आशीष शर्मा की रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में कमीशनिंग कार्य के लिए ड्यूटी लगाई गई थी। इस दौरान आशीष शर्मा ने बिना पूर्व सूचना दिए 6 नवंबर को अवकाश लेकर ड्यूटी पर नहीं पहुंचकर शासकीय आदेश की अवमानना करते हुए चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरती।

## कांग्रेस ने दी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि

# अनिर्णय की स्थिति से बढ़ी नक्सली घटनाएं सरकार नक्सल नीति स्पष्ट करे : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, जगरगुंडा थाना क्षेत्र के टेकलगुड़ेम में नक्सलियों द्वारा किये गये हमले में तीन जवानों की शहादत बेहद दुखद है। कांग्रेस पार्टी इन जवानों के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

शहीद जवानों के परिजनों के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित करती है तथा घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है। हमारे जवानों ने बड़ी बहादुरी से नक्सलियों का सामना किया। देश को इन जवानों की वीरता पर गर्व है। हमारी



सरकार से मांग है कि सरकार अपनी नक्सलवादी नीति स्पष्ट करे। सरकार के अनिर्णय की स्थिति के कारण प्रदेश में नक्सली गतिविधियां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, सरकार को डेढ़ महीने से अधिक हो गया है। अभी तक सरकार ने नक्सलवाद जैसे महत्वपूर्ण मसले पर अपनी कोई राय नहीं बना पाई है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने नक्सलवाद पर एक ठोस नीति बनाई थी, विश्वास, विकास, सुरक्षा के मूल मंत्र को लेकर आगे बढ़ी थी, जिसके सकारात्मक परिणाम आये।

राज्य में नक्सली गतिविधियों में 80 प्रतिशत तक की कमी आई थी। रमन राज में नक्सलवाद 15 जिलों तक पहुंच गया था। कांग्रेस सरकार के 5 सालों में बस्तर के सुदूर क्षेत्रों तक सिमट गया था। वर्तमान भाजपा सरकार के अनिर्णय के कारण राज्य में एक बार फिर नक्सली गतिविधियां बढ़ गई हैं।

## औसत से ज्यादा रहेगा रात-दिन का तापमान

# इस बार ज्यादा दिनों तक सताएगी गर्मी फरवरी अंत से महसूस होने लगेंगे तेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लगातार आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से इस बार राज्य में ठंड का प्रभाव अधिक दिनों तक असर नहीं दिखा पाया। फरवरी भी कुछ इसी तरह से बीतने के आसार हैं और अंत से गर्मी के तेवर महसूस होने लगेंगे, जिसका असर अधिक दिनों तक रहने की संभावना है। होने वाले आसमानी व्यवधान की वजह से राज्य में फरवरी में बारिश की अधिक गतिविधि होने के आसार हैं। मौसम विभाग दिल्ली द्वारा फरवरी को लेकर पूर्वानुमान जारी किया गया है। इसमें अलनीनो का प्रभाव कमजोर होने की स्थिति में मौसम में ज्यादा बदलाव होने के आसार नहीं हैं। हालांकि लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से इस माह बादल छाने और बारिश की गतिविधि अधिक रहने का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञों का प्रारंभिक अनुमान है कि इस बार राज्य में ठंड की अवधि अधिक समय तक नहीं रही और उत्तरी इलाकों में सीमित दिनों तक कड़ाके की ठंड का असर रहा, मगर गर्मी का असर अधिक दिनों तक रहने की संभावना बन रही है। माना जा रहा है कि फरवरी के अंतिम दिनों से सूरज का पारा चढ़ने लगेगा और मार्च, अप्रैल, मई में इसका प्रकोप बना रहेगा।

### न्यूनतम पारा 4.5 डिग्री तक

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक बीते जनवरी में अंबिकापुर का सबसे कम तापमान 4.5 डिग्री तक पहुंचा। वहीं राज्य का अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री जगदलपुर का दर्ज किया गया। लगातार छाने वाले बादल की वजह से रायपुर का पारा 12.6 डिग्री से नीचे नहीं उतर पाया और पिछले नौ साल में सबसे गर्म जवनरी का महीना दर्ज हुआ। रायपुर का अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री तक पहुंचा। यहां तीन दिन में 7.9 मिमी. बारिश दर्ज की गई।

## खबर संक्षेप



### छोटेटेमरी स्कूल में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम हुआ

**बसना।** शासकीय प्राथमिक शाला छोटेटेमरी में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान पाठक गफ्फार खान ने उपस्थित समस्त माताओं को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। तत्पश्चात उपस्थित समस्त माताओं ने सरस्वती मां की पूजा अर्चना कर समस्त माताओं को कतार से खड़े कराकर कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों को वर्ण कार्ड, फल कार्ड, सब्जी कार्ड देकर बच्चों को कार्ड से संबंधित प्रश्न पूछा गया। सही उत्तर देने पर तालियां बजती थीं, जो बच्चे सही उत्तर नहीं दे पाते थे वो अपने मां के पास जाकर उत्तर के लिए मदद मांगते थे। इस प्रकार शासकीय प्राथमिक शाला छोटेटेमरी में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम माह जनवरी का हुआ। कार्यक्रम में सुनीता प्रधान, नीलांद्री प्रधान, जयंती प्रधान, करिश्मा बेगम, राधिका भाई, सलमा बेगम, फरीदा बानो, संतोषिनी साव, विमला जगत, कामिनी प्रधान उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश पटेल ने किया और आभार प्रदर्शन गफ्फार खान प्रधान पाठक ने किया।

### बोरसी में मड़ई कल

**मगरलोड।** ग्राम बोरसी में ग्रामवासियों के सहयोग से 3 फरवरी शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी होच्चेटोला जिला बालोद का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी शोहिल साहू ने दी है।

### पीपरछेड़ी में मानसगान प्रतियोगिता आज से

**पुरी।** ग्राम पीपरछेड़ी में ग्रामवासियों के सहयोग से मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 2, 3 और 4 फरवरी को किया गया है। मानसगान की तैयारी में समिति के सदस्य दिनेश साहू, उमरावराम साहू, उत्तम साहू, उमाशंकर साहू, रेखलाल साहू जुटे हैं।

### गागरा में रामायण प्रतियोगिता कल से

**पुरी।** ग्राम गागरा में ग्रामवासियों के सहयोग से छत्तीसगढ़ स्तरीय दो दिवसीय संगीतमय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन 3 एवं 4 फरवरी को किया गया है। यह जानकारी जसवंत साहू, मनोज ध्रुव, महेश ध्रुव, डॉ. खेमराज साहू, पवन साहू ने दी है।

### जीजामगांव में मड़ई मेला 5 को

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जीजामगांव में 5 फरवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए मयारू मोर नाचा पार्टी लाटाबोड़ जिला बालोद की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

### सिर्री में हरिकीर्तन कल

**सिर्री।** प्रभातफेरी समिति सिर्री द्वारा बाजार चौक में हरिकीर्तन कार्यक्रम 3 फरवरी शनिवार को रखा गया है। प्रवचनकर्ता बलरामपुर रजवाड़ा के पीठाधीश संत सीताराम महाराज होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में प्रभात फेरी समिति सिर्री के अध्यक्ष श्यामलाल साहू, संरक्षक बहुरराम यादव, कोषाध्यक्ष नेकराम पटेल सहित सदस्यगण जोहतराम, विष्णुराम, शंभू साहू, श्यामलू, विनोद सिन्हा, आनंद पटेल, चंद्रप्रकाश साहू, सखाराम साहू, चंद्रभान पटेल, टापेश्वर देवांगन, तोशल साहू, ललित साहू, नरेश साहू जुटे हुए हैं।

### गागरा में कबीर सत्संग समारोह 9 से

**पुरी।** ग्राम गागरा में कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 9 एवं 10 फरवरी को किया गया है। मानवीय चेतना एवं आध्यात्म की अलख जगाने सदगुरु कबीरवाणियों को लेकर संत गौरव साहेब राजस्थान से अपनी संत मंडली सहित पधार रहे हैं।

# बसना विधायक और कलेक्टर ने अस्पताल के स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों से की चर्चा, बस स्टैंड, किसान राइस मिल, मंगल भवन आदि का भी किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

विधायक डॉ संपत अग्रवाल एवं कलेक्टर प्रभात मलिक ने नगर के बस स्टैंड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, किसान राइस मिल, मंगल भवन आदि प्रमुख जगहों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक एवं कलेक्टर ने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मरीजों का इलाज पूरी संवेदनशीलता के साथ करने का निर्देश दिए। मरीजों के इलाज के लिए डॉक्टर व दवाइयां आदि की समुचित उपलब्धता होने की बात कही। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के शौचालयों की संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मरीजों को मिलने वाली सभी स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो, व मरीजों को किसी भी प्रकार कि परेशानी नहीं होनी चाहिए। विधायक एवं कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर हाल-चाल जाना और उन्हें उपलब्ध होने वाली स्वास्थ्य चिकित्सा सुविधाओं के साथ साथ अस्पताल में होने वाले स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। अस्पताल के



स्टाफ से बातचीत करते हुए निर्देश दिए कि मरीजों को किसी भी प्रकार कि कोई कमी ना होने पाए। उन्हें भोजन की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। और समय पर उनको दवाइयां दी जाए। मरीजों और उपचार के लिए आने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार समस्याओं का सामना करना ना पड़े।

विधायक एवं कलेक्टर ने बस स्टैंड, किसान राइस मिल, मंगल भवन आदि प्रमुख जगहों का औचक निरीक्षण किया। शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की कमी को पूरा करना एवं विद्यालयों की स्वच्छता, विद्यार्थियों को अनुशासित करने, नगर सहित क्षेत्र के सभी ग्रामों में मुक्तिधाम निर्माण कराना, मंगल भवन की स्वच्छता व देखभाल एवं बगीचे का बागवानी इत्यादि प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा किए। इस दौरान नगर पंचायत बसना अध्यक्ष गजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी रविराज सिंह ठाकुर, सीएमओ सूरज सिदार, बीएमओ प्रधान, समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि सहित अन्य सम्मानित जन मौजूद रहे।

# कसेकेरा में श्रीमद भागवत कथा सुनने पहुंच रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्राम कसेकेरा में ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा आयोजन 26 जनवरी से 3 फरवरी तक किया जा रहा है। श्रीमद भागवत का छठवां दिन गुरुवार को कथा का रसपान कराते हुए कथा वाचक पं सुरेंद्र प्रसाद दुबे ने सुदामा चरित्र का बखान किया। उन्होंने कहा कि संसार में मित्रता भागवान कृष्ण और सुदामा की तरह होना चाहिए।

आधुनिक युग में स्वार्थ के लिए लोग एक दूसरे के साथ मित्रता करते है और काम निकल जाने पर लोग एक दूसरे को भूल जाते है। जीवन में प्रत्येक प्राणी को परमात्मा से एक रिश्ता जरूर बनाना चाहिए। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार भगवान कृष्ण की आठ पत्नियां थी, इनके नाम रुखमणी, जांबवती, सत्याभामा,



कालिंदी, मित्रबिंदा, सत्याभद्रा और लक्ष्मणा था। असुर नरकासुर के चलते भागवन कृष्ण को सोलह हजार नारियों संग विवाह करना पड़ा था।

कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। कथा में विशेष सहयोग नरेंद्र पटेल, नोहर साहू, देवकुमार साहू, मानिक साहू, तुलसी साहू, मोहर साहू, गोलू साहू, मनीराम पटेल, गजानंद साहू, महेंद्र साहू, गौतम साहू, विष्णु यादव, टीकम साहू, कुलेश्वर, सुखरू विश्वकर्मा, रामनारायण राठौर, कृष्ण साहू, उदेराम साहू, नोहर निषाद सहित महिलाओं का विशेष सहयोग मिल रहे है। प्रति दिन महाभंडारा का आयोजन एवं छठवां रोज नैनी महाराज द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया।

# गोंडबहाल स्कूल में यातायात जागरुकता पर हुई कार्यशाला, नियमों का पालन करने दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के 17वें दिन यातायात जागरुकता अभियान के तहत पिथौरा थाना क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मिडिल स्कूल एवं प्राथमिक शाला गोड़बहाल में यातायात जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 370 स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात नियमों एवं संकेतों के बारे में विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिसका जवाब सउनि नागेंद्र दुबे ने दी। आरक्षक हरीश चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर एवं विशेष आरक्षक मनोज डड़सेना द्वारा ट्रैफिक सिग्नलों, यातायात के संकेत व चिन्ह के बारे में जानकारी देकर यातायात नियमों को पालन करने की समझाइश दी। साथ ही यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से पिथौरा चौक में 150 आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को पांपलेट वितरण किया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने समझाइश दी गई।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपूंजे के निर्देशानुसार, उपपुलिस अधीक्षक (यातायात), घनेंद्र ध्रुव एवं प्रभारी यातायात लक्ष्मी नारायण साव के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में यातायात महासमुंद से सहायक उप निरीक्षक नागेंद्र दुबे, आरक्षक हरीश चंद्राकर, आरक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर एवं विशेष आरक्षक मनोज डड़सेना तथा गोड़बहाल स्कूल के प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार डड़सेना, एनपी तिवारी (व्याख्याता), विवेक कुमार वर्मा (शिक्षक), जीवन कुमार, देव कृष्ण पाणीग्राही, कमलेश प्रजापति, चैतराम चौधरी, गोविंद प्रसाद साहू, विद्या भोई, तबस्सुम नंद, हुकुम चंद सिदार, रजनी पात्रे, पुष्कर देवांगन, भीमसेन पटेल, मिडिल स्कूल गोड़बहाल के प्रधान पाठक महा सिंह दीवान, मनोज कुमार पटेल(शिक्षक), चंद्रकला पटेल, ओरिता ठाकुर एवं प्राथमिक शाला गोड़बहाल के प्रधान पाठक दिनेश नायक, किरण साहू (शिक्षक), दीपिका पटेल (सहायक शिक्षक) आदि का सहयोग रहा।

# मोहका स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक

**बसना।** ग्राम मोहका स्थित शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला में गुरुवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ संपत अग्रवाल शामिल हुए। मुख्य अतिथि व आयोजकों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विद्यालय परिवार की ओर से विधायक डॉ संपत अग्रवाल का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं शाल श्रीफल व मोमेंटो एवं गमला भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, गीत एवं नृत्य प्रस्तुति सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए उनका



अभिवादन किए।

इस अवसर पर विधायक डॉ अग्रवाल ने संबोधित करते वार्षिक उत्सव के आयोजन का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ ही कला, संस्कृति से जोड़ना है। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने में मददगार साबित होते हैं। विद्यार्थी देश के भावी नागरिक हैं, विद्यार्थी भारत का भविष्य है। हम सभी को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ कर योगदान देना चाहिए। क्योंकि, बिना शिक्षा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करना असंभव है। उन्होंने आगे शिक्षा के महत्व को बताया और कहा आज के समय सभी को शिक्षित होना बहुत जरूरी है। शिक्षा से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक व्यवहारिक एवं सांसारिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। यदि हमारे पास ज्ञान ना हो तो हमारा जीवन सुख सुविधा व मान सम्मान से वंचित रह जाता है। इसलिए हम सभी को मिलकर शिक्षा क्षेत्र में और अधिक जोर देना होगा।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य वृंदावती पांडे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा, पूर्व सरपंच पूर्णचंद्र प्रधान, ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष नित्यानंद मिश्रा प्रधान पाठक कौशल्या चौहान, प्रधान पाठक विनय पात्र, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, पूर्णानंद मिश्रा, विजया दास, हेमंत बारीक, गजेंद्र नायक, अजय प्रधान, करमुलाल चौहान, सुदामा पटेल, बिसिकेशन प्रधान, अमित चौरसिया, मोहन साहू, रमाकांती दास, उर्मिला मिश्रा, तुलसी पटेल, मालती पटेल, विद्यालय परिवार सहित छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहें।

# मोदी की गारंटी को पूरी कर रही है हमारी सरकार माताओं को मिलेगा हर महीने एक हजार: योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को एक के बाद एक छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार पूरी कर रही है। भाजपा जो कहती है, वह करती है। सभी गारंटी एक-एक करके 5 साल में पूरी की जाएगी।

महत्वाकांक्षी मातृ वंदना योजना के संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिए निर्णय की जानकारी देते हुए विधायक सिन्हा ने कहा कि मंत्रालय महानदी भवन में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी को पूरा किया गया है। राज्य में महतारी वंदन योजना लागू करने से महिला सशक्तिकरण



को बल मिलेगा। सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार इस योजना के तहत विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह अर्थात साल में 12 हजार रूपए की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातें में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश में महिलाओं के साथ लिंग विभेद, असमानता, जागरुकता की कमी होने के फलस्वरूप समाज में महिलाओं के विरूद्ध भेदभाव को समाप्त करना है। साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाना है। इस योजना से महिला सशक्तिकरण एवं आर्थिक स्वावलंबन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना का लाभ छत्तीसगढ़ निवासी विवाहित महिला, जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 21 वर्ष से अधिक हो, सभी को मिलेगा। विवाहित महिला के अलावा विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिलाओं को भी योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र किया गया है। इस योजना को लेकर विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम की स्थिति सरकार के निर्णय से स्पष्ट हो गई है। विधायक सिन्हा ने कहा कि मोदी की गारंटी मतलब पूरा होने की गारंटी है। उन्होंने किसी प्रकार के भ्रम और बहकावे में नहीं आने की बात महिलाओं, माता- बहनों से की है।

# अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर वन कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

प्रदेश संगठन के आह्वान पर धमतरी के वन कर्मचारी अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। गांधी मैदान में हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएगी वे काम पर नहीं लौटेंगे। हड़ताल की वजह से विभाग का कामकाज ठप्प हो गया है। जंगलों की देखरेख करने वाला कोई नहीं है।

■ वन विभाग के सभी काम-काज ठप

हड़ताल पर बैठे वन कर्मचारी तुलेश्वर पात्रे, मंशाराम साहू, राकेश तिवारी, सुदामा निर्मलकर, पोखराज नेताम, प्रेमलाल निषाद, रोहित पटेल, देवलाल साहू, अमित पटेल, उमाशंकर नागवंशी, ईश्वर साहू, कमलेश यादव, कुलेश्वर बघेल, अमित गजेंद्र, यशवंत साहू, जितेंद्र नेताम, उमेश सिंह, सुशांत शिंदे, योगिता तिवारी, उषा पटेल, कौशिल्या यादव ने बताया कि धमतरी के 240 कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर गुरुवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

उनकी प्रमुख मांगों में छग राज्य लघु वनोपज कार्यालय द्वारा संघ के 180 पदों को संविदा से भरे जाने पर रोक लगाई जाए। वनरक्षक, वनपाल, उपवन क्षेत्रपाल का वेतनमान संघ द्वारा प्रस्तावित ग्रेड पे वनरक्षक 2400, वनपाल 2800, उपवन क्षेत्रपाल 4200 रूपये नया ग्रेड पे स्वीकृत किया जाए। विभागीय सेट अप पुनरीक्षित किया जाए। 2750-3050 वेतनमान को शासन द्वारा मान्य किए जाने के पश्चात समस्त कोषालयों में मान्य किए जाने के लिए कार्रवाई की जाए। संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश साहू, आरके तिवारी ने बताया कि इस हड़ताल में चौकीदार से लेकर डिप्टीरेंजर तक सभी हड़ताल पर हैं। इससे वन विभाग के सभी कार्य प्रभावित हैं।

# मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित हुए लुकेश व ज्योति

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला गोंगल में पदस्थ शिक्षक लुकेश ध्रुव एवं शासकीय प्राथमिक शाला भाठापारा तुमगांव में पदस्थ शिक्षिका ज्योति नेताम को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक, मीता मुखर्जी जिला शिक्षा अधिकारी, संदीप दीवान सांसद प्रतिनिधि, दाऊलाल चंद्राकर जिला अध्यक्ष स्काउट-गाइड एवं अतिथियों के हाथों यह सम्मान दिया गया। इसके पूर्व भी इन शिक्षकों को विभिन्न नवाचारी गतिविधियों के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर सम्मानित किया जा



चुका है। विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को पढ़ाना एवं खेल गतिविधि के माध्यम से पठन कौशल को रोचक बनाने जैसे विभिन्न कार्य इन शिक्षकों द्वारा किया जाता है। साथ ही बच्चों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराया जाता है। सम्मानित होने पर विकासखंड शिक्षाधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र ध्रुव, तारिका कुंजाम, हीना ढालेन, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जागेश्वर सिन्हा, सहायक शिक्षक फेडरेशन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श, प्रदेश सचिव ईश्वर चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव, बलराम नेताम, खुमान सिंह ध्रुव, संकुल समन्वयक आशीष साहू, सतीश तिवारी, रूपलाल पटेल सरपंच, पितेश्वर ध्रुव, हरि राम नेताम एवं विद्यालय एवं संकुल के शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

# तीन जुआ फड़ पर पुलिस की रेड, दर्जनभर जुआरी गिरफ्तार

**धमतरी।** पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर दर्जनभर जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़ा है। पुलिस ने जुआ व सट्टा के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। एसपी की सख्त हिदायत के बाद पुलिस जुए व सट्टे के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में बिरेझर पुलिस चौकी ने तीन स्थानों पर लगे जुआ फड़ में छापामार कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर बिरेझर पुलिस ने ग्राम करगा के श्मशान घाट में दबिश दी। यहां जुआ खेल रहे प्रवीण साहू 23 वर्ष निवासी ग्राम हथबंद, राजकुमार 40 वर्ष मोतियारडीह थाना अभनपुर, रेवत बांधे 45 वर्ष मोतियारडीह व पुनाराम यादव 45 वर्ष अभनपुर को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 22 सौ रुपए नकदी बरामद की है।

■ बिरेझर पुलिस की कार्रवाई

इसी तरह पुलिस की दूसरी छापामार कार्रवाई ग्राम करगा के हाईस्कूल के पास जुआ फड़ में हुई जहां चुनुराम साहू 50 वर्ष, डोमनलाल साहू 28 वर्ष, राजू जोशी 48 वर्ष, योगेश्वर साहू 40 वर्ष चारों ग्राम हसदा नं. 2 थाना अभनपुर निवासी व मनीष कोसरिया 25 वर्ष ग्राम चंडी थाना अभनपुर निवासी को जुआ खेलते पकड़ उनके कब्जे से 2800 रुपए जप्त किए हैं। पुलिस ने तीसरी कार्रवाई ग्राम भैंसबोड़ के श्मशान घाट में चल रहे जुआ फड़ में की। इस कार्रवाई में शत्रुघन बंजारे 45 वर्ष ग्राम सोनपुर, डोमारसिंह 40 वर्ष सोनपुर व आशीष टंडन 30 वर्ष ग्राम सिलतरा थाना भखारा निवासी को जुआ खेलते गिरफ्तार कर उससे 2 हजार नकदी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 3/2 छग जुआ प्रतिशेष अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की है।



### कुम्हारपारा स्कूल में पवन ने फहराया तिरंगा

महासमुंद। वार्ड नंबर 24 कुम्हारपारा मिडिल स्कूल में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं वर्तमान सभापति वार्ड पार्षद पवन पटेल ने गणतंत्र दिवस पर झंडोतोलन किया। पटेल ने गणतंत्र दिवस हम क्यों मनाते है, इसके बारे बताया। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक प्रणीत शर्मा, शाला विकास विकास समिति के अध्यक्ष सीताराम चक्रधारी, संजय चंद्राकर, शाला विकास समिति के सदस्य तिवारी व शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं मोहल्लेवासी उपस्थित रहे। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इसी दिन 1950 को हमारे भारतवर्ष के संविधान को लागू किया गया। जिससे हम और हमारे देश के लोग इन नियमों का पालन करते हुए सुख शांति और समृद्धि की ओर लगातार अग्रसर हो रहे हैं। फलस्वरूप आज हमारा देश विश्व में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाने में सफल हुआ है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने देश के संविधान का सम्मान करें। आज भारतीय संविधान के निर्माता बीआर अंबेडकर एवं शहीदों के प्रति हम सम्मान व्यक्त करते हैं। इस दौरान प्रणीत शर्मा, अयोध्या प्रसाद पंडा, नेमीचंद सोरी, अनामिका टोप्पो, टिकेश्वरी साहू, भावना पंडा, रेखा तिवारी, प्रमिला तिवारी, सीताराम चकधारी, भोलानाथ तांडी, संजय चंद्राकर, चिंतामणि नेताम, शोभाकांति, गोमती साहू, शेलबाई साहू, चंपाबाई सविता तुर्के,नीलू तांडी आदि उपस्थित रहे।



### मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए ललित भार

**बसना।** शासकीय प्राथमिक शाला खवासपाली के प्रधान पाठक ललित कुमार भार मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण 2023 में शिक्षा दूत के सम्मान से सम्मानित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा थे। साथ ही जिला आयुक्त स्काउट दाऊलाल चंद्राकर विशिष्ट अतिथि, एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी रहे। इस अवसर पर भार ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने स्वर्गीय पिता मंगलसाय भार (राजस्व निरीक्षक) एवं माता श्याम बाई भार की कृपा तथा अपनी पत्नी रोमा भार की सेवा व सहयोग को दिया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, एबीईओ द्रव्य कंवर, एम शुक्ला, शासकीय हाईस्कूल बड़ेटेमरी के प्राचार्य शरद प्रधान, समन्वयक वारिश कुमार के प्रति दिया आभार जताया।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खरोरा के गुरु घासीदास उद्यान के आसपास ग्रामीणों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार सूर्यवंशी, मनोज कोसरे, गायाराम, राजाराम, चैती बाई, रामहीन बाई, संतोषी, क्रांति, मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### टोंगोपानीकला में मड़ई मेला का आयोजन

**महासमुंद।** बागबाहरा ब्लाक के ग्राम टोंगोपानी कला में मड़ई मेला का आयोजन किया गया। एक अंतराल के बाद गांव में होने वाले इस मड़ाई मेला में लोगों की भीड़ उमड़ी। मड़ई को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला। सभी के घरों में मेहमानों का तांता लगा रहा। फ्रेंड युवा संगठन समिति के लोग सुबह से ही मेला की तैयारी में जुटे हुए थे। शाम को यादव समाज के लोगों द्वारा मड़ई लेकर बाजे गाजे के साथ जैसे ही उनकी टोली निकली सभी आगंतुक व ग्रामीण शामिल झूम उठे। राउत नाचा में डंडा चाल का प्रदर्शन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। लोगों ने मेले में आए सामानों की जमकर खरीददारी की। रात्रि कार्यक्रम में माया स्टार मनोहर मांझी आर्केस्ट्रा बलौदा बाजार ने अपनी प्रस्तुति दी।

**प्रशिक्षण : 10 फरवरी तक प्रविष्टि पूर्ण करने के निर्देश**

# लोकसभा चुनाव की तैयारी डाटाबेस के लिए प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए मतदान दलों के गठन हेतु कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार किया जाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू के मार्गदर्शन में कर्मचारी डाटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर (पीपीईएस) 3.7 के संबंध में जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी कार्यालय के तकनीकी ज्ञान रखने वाले डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं लिपिक शामिल हुए। साहू ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान एंट्री किए गए सूची में संशोधन की आवश्यकता तो करे। सेवानिवृत, निधन या अन्यत्र स्थानांतरण हो गए अधिकारी कर्मचारियों का नाम विलोपित किया जाए। उन्होंने विभागों को एंट्री के लिए 10 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

प्रत्येक विभाग अपने अधिकारी-कर्मचारियों का डाटा एंट्री अपने ही कार्यालय में करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण देने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि



सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का शत-प्रतिशत डाटा एंट्री हो। विभाग के नोडल अधिकारी को सॉफ्टवेयर यूजर मैनुअल, यूजर आईडी एवं पासवर्ड सूचना विज्ञान अधिकारी एनआईसी द्वारा प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि विभाग के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की डाटा एंट्री करनी होगी। मूल कार्यालय से अलग अन्य कार्यालय में संलग्न कर्मचारियों की एंट्री उस कार्यालय से करनी है, जहां से उनका वेतन निकाला जाता है। किसी भी परिस्थिति में कर्मचारी डाटाबेस में किसी भी कर्मचारी की एंट्री एक से अधिक बार नहीं होनी चाहिए। न ही किसी की एंट्री छूटनी चाहिए।

जिला विज्ञान एवं सूचना अधिकारी देवेंद्र साहू ने पावर पॉइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया कि सॉफ्टवेयर में डाटा एंट्री प्रारंभ करने से पहले कार्यालय एवं समस्त कर्मचारियों की जानकारी संलग्न प्रारूप में तैयार करनी होगी। कर्मचारी डाटाबेस के सभी कॉलम की जानकारी अनिवार्य रूप से भरना होगा।

कर्मचारी डाटाबेस में किसी भी अधिकारी-कर्मचारी का विवरण केवल एक बार ही भरना होगा। कर्मचारी डाटाबेस के फोटो कॉलम में संबंधित अधिकारी-कर्मचारी का कलर फोटो स्कैन कर अपलोड (जेपीजी फॉर्मेट में अधिकतम 20 केबी फाइल साइज) करना होगा। दिव्यांग, निशक्त अधिकारी-कर्मचारी का डाटा एंट्री करते समय दिव्यांगता, निःशक्तता का प्रकार एवं प्रतिशत भी एंट्री करनी होगी। कर्मचारी डाटाबेस में संबंधित अधिकारी-कर्मचारी का वेतन जिस बैंक अकाउंट नंबर में जमा करवाया जाता है, उसका विवरण (अकाउंट नंबर, बैंक का नाम ब्रांच का नाम एवं उसका आईएफएससी कोड) भरना होगा। कर्मचारी डाटाबेस में अधिकारी-कर्मचारी का मतदाता पहचान क्रमांक (ईपीन/ईपीआईसी) नंबर भरना होगा। यदि किसी अधिकारी-कर्मचारी का इपिक नहीं बना है तो संबंधितों के तत्काल इपिक तैयार किया जाकर इपिक नंबर कर्मचारी डाटाबेस में अनिवार्यतः प्रविष्ट करना होगा। उन्होंने बताया की कमोबेश वही एंट्री होगा जो विधानसभा निर्वाचन में था। अधिकारी-कर्मचारियों का डाटाबेस अद्यतन होने के बाद अधिकारी-कर्मचारियों की सूची प्रिंट कर जांच करवानी होगी। सब कुछ ठीक होने पर ही डाटाबेस को फाइनलाइज करना होगा। फाइनलाइज होने के पश्चात इस आशय का प्रमाण-पत्र कि विभाग के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार हो गया निर्वाचन कार्यालय में भेजना होगा।

# खैरा में मड़ई मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत खैरा में 30 जनवरी

- रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ, कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान

मंगलवार को शाम 4 बजे से मड़ई मेला एवं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान, विशेष अतिथि जनपद पंचायत सभापति सरिता राकेश चंद्राकर, सरपंच नीलम रेवा राम कोसरे, उपसरपंच नीलम लीलाधर विश्वकर्मा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, पूर्व सरपंच आशाराम साहू, बैद्यराज बृजलाल यादव, जनपद पंचायत कृषि विभाग सभापति दिग्विजय साहू, गौकरण साहू, ललित चंद्राकर, दीपक चंद्राकर, सीताराम चंद्राकर, फागू विश्वकर्मा, शिव कुमार ध्रुव, देवा तारक, राजकुमार कंडरा, रमेश कंडरा, दिलीप चंद्राकर पंचायत के पदाधिकारीगण रहे। सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।



कार्यक्रम में पहुंचने पर यादव समाज द्वारा पारंपरिक रूप से आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। विधायक सिन्हा ने क्षेत्रवासियों को मड़ई मेला के आयोजन के लिए बधाई देते हुए ग्रामीणों को कई सौगात दी। कार्यक्रम के विशेष अतिथि जनपद पंचायत सभापति प्रतिनिधि राकेश चंद्राकर ने कहा कि मड़ई गांव की पारंपरिक संस्कृति से जुड़ा हुआ है। गांव की सुख समृद्धि के लिए इसका आयोजन प्रतिवर्ष किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की परंपरा मड़ई मेला समाज द्वारा अभी भी जीवंत रखा गया है। इस पारंपरिक संस्कृति को सहेजकर रखते हुए आगे बढ़ाना है। पारंपरिक संस्कृति के विकास के लिए भी शासन द्वारा लगातार कार्य किए जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि लीलाधर विश्वकर्मा एवं प्रदीप चंद्राकर ने भी संबोधित किया। इस दौरान कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों का श्रीफल भेंटकर व तिलक लगाकर सम्मानित किया गया।

## सेवानिवृत्ति पर व्याख्याता सिन्हा का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता वाणिज्य रघुनाथ सिन्हा 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर संपूर्ण परिवारजनों, मित्रों और पड़ोसियों द्वारा संस्था में पहुंच कर ढोल नगाड़े बजा कर, फूलमाला पहना व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। संस्था के प्राचार्य हेमंत आचार्य, उपप्राचार्य चमन लाल चंद्राकर, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कार्यालयीन कर्मचारियों की उपस्तिथि में यह कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर उनकी पत्नी इंदिरा सिन्हा, पिता मोहन लाल सिन्हा, भाई और बहू दुर्गा प्रसाद सरिता सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर शंकर लाल उमा सिन्हा, परस राम धनेश्वरी सिन्हा, पुष्पा गणेश राम सिन्हा, लक्ष्मी रामनाथ सिन्हा, संतोषी सुरेश सिन्हा, बीआरसी जागेश्वर आशा सिन्हा, लेखराम नीलिमा सिन्हा, कौशल रेणु सिन्हा, आशीष रीतू सिन्हा, अमृता गिरिराज सिन्हा, भारती सिन्हा, उज्ज्वल सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, अभिषेक सिन्हा, आर्यन राज सिन्हा, सोमेश सिन्हा, रूपेश सिन्हा, प्रतीक्षा सिन्हा, हंसा सिन्हा, सिमरन सिन्हा, त्रिशा सिन्हा, शानवी सिन्हा मौजूद रहे।

# महतारी वंदन योजना को सरकार की हरी झंडी, इसी माह होगा क्रियान्वयन

## भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने प्रदेश में महतारी वंदन योजना लागू होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कैबिनेट का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना को लागू किया गया है। इस योजना के तहत प्रदेश के विवाहित महिलाओं को 1000 रुपए प्रति माह यानी सालाना 12000 रुपए की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। शासन की महती योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के निवासी विवाहित महिला जिनकी उम्र 21



वर्ष से अधिक होगी उन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा। विवाहित महिला के अलावा विधवा, तलाकशुदा, परित्यकता महिलाओं को भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र किया गया है।

साहू ने कहा कि भाजपा की सरकार ने जनता से जो वादा किया था, उसे पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मोदी गारंटी के कार्यों को लगातार पूरा करते हुए प्रदेश में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों की परेशानी को देखते हुए 4 दिन धान खरीदी अवधि वृद्धि की थी। किसान 4 फरवरी तक धान बेच सकेंगे। वहीं तेंदूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक के रूप में अब 4000 रुपए के स्थान पर 5500 रुपए प्रदान किए जाएगा। इस पर भी मुहर लगाई जा चुकी है। सुधा साहू ने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश में महिलाओं के साथ लिंग विभेद, असमानता, जागरुकता की कमी होने के फलस्वरूप समाज में महिलाओं के विरूद्ध भेदभाव को समाप्त करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाना है। इस योजना से महिला सशक्तिकरण एवं आर्थिक स्वावलंबन को भी बढ़ावा मिलेगा। इसी माह से इस पर कार्य शुरू किया जाएगा।

# उत्साह के साथ निकाली गई साईं बाबा की पालकी यात्रा

### भंडारा में सैकड़ों ने किया प्रसाद ग्रहण, कार्यक्रम में शामिल हुए खल्लारी विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम साल्हेभांठा में उत्साह के साथ साईं बाबा की पालकी यात्रा निकाली गई। जिसमें काफी संख्या में साईं भक्तों ने भाग लिया। इस दौरान आयोजित भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने शिरकत कर जरूरतमंदों को कंबल वितरित भी किया।

साईं बाबा दरबार साल्हेभांठा तेंदुकोना के तत्वावधान में साईं बाबा की पालकी यात्रा व महाभण्डारा का आयोजन किया गया। बुधवार को उत्साह के साथ साईं बाबा की पालकी यात्रा निकाली गई। यात्रा तेंदुकोना बस स्टैंड से बस्तीपारा, बाजार पारा, गायत्री नगर साईं मंदिर होते साल्हेभांठा पहुंची। जिसमें काफी संख्या में साईं भक्तों ने भाग लिया। गुरुवार को महाभण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने शिरकत करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इसके पहले विधायक यादव ने साईं बाबा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। बाद इसके विधायक यादव ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित भी किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्रीराम दीवान, मानसिंह दीवान, भीम दीवान, विकास साहू, विनय साहू, ललित खैरवार, विनोद दीवान, देवेंद्र बैरागी, नंदकुमार पटेल, खोमन साहू, सुकाल दास महंत, भागीरथी दुबे, जीवन बाई दीवान, सविता दीवान, नीरा दीवान, रजनी दीवान सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।



### छात्रों को दी गई साइबर क्राइम की जानकारी

**महासमुंद।** साइबर काइम जागरुकता अभियान की कड़ी में गुरुवार को माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद एवं बुढ़ान शाह तेंदूकोना महाविद्यालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर में साइबर क्राइम जागरुकता का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के मार्गदर्शन में उपपुलिस अधीक्षक सारिका वैद्य के मार्गदर्शन में साइबर अपराध के संबंध में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। महिला संबंधित अपराध व अपराध से बचने के तरीके के बारे में समझाया गया। छात्र-छात्राओं को अनुशासित रहते हुए जीवन में सफलता हासिल करने एवं अपने और अपने समाज के प्रति दायित्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही महिला प्रधान आरक्षक सुचित्रा विदानी, महिला आरक्षक अन्नु भोई, विशेष आरक्षक मनोज डडसेना द्वारा सेल्फ डिफेंस, साइबर क्राइम सुरक्षा एवं महिला अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई।

# श्याम बालाजी में वार्षिकोत्सव झंकार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्याम बालाजी महविद्यालय, श्याम विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व श्याम इंग्लिश मिडियम स्कूल में वार्षिकोत्सव (झंकार) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा ( विधायक महासमुंद), विशेष अतिथि संदीप दीवान ( विधायक प्रतिनिधि), राशि त्रिभुवन महिलांग (अध्यक्ष नगरपालिका परिषद ), अरूणा शुक्ला (अध्यक्ष महिला नागरिक बैंक), अनिता रावटे (छग राज्य आयोग सदस्य), हेमंत चंद्राकर (संचालक श्याम बालाजी



महाविद्यालय), तारा चंद्राकर ( प्रदेशाध्यक्ष छग कुर्मी क्षत्रिय समाज), गिरजा शंकर चंद्राकर, सती साहू (उपाध्यक्ष महिला नागरिक बैंक), सुनीता देवदत्त चंद्राकर (सरपंच ग्राम खरोरा), अंकिता चंद्राकर (प्राचार्य श्याम बालाजी कॉलेज), तेजबहादुर सिंह ठाकुर (प्राचार्य श्याम विद्या मंदिर) तथा महाविद्यालय के समस्त विभाग के विभागाध्यक्ष एवं विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में स्वागत नृत्य, गणेश वंदना, छत्तीसगढ़ी रीमिक्स, छत्तीसगढ़ी नृत्य, बारहमासी नृत्य, संबलपुरी नृत्य, पंजाबी नृत्य, नागपुरी नृत्य, साउथ इंडियन कल्चरल नृत्य, राजस्थानी नृत्य, लेजी डांस, मराठी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसी बीच श्रीराम भगवान के जीवन पर आधारित रामायण का एक नाटक प्रस्तुत किया गया। इसमें महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं व विद्यालय के सभी विद्यार्थी ने अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। संच संचालन प्रलिता साहू, प्रवीण कुमार साहू, देवाशीष सामल व होमेश साहू ने किया।





# देव संस्कृति स्कूल में दिखाया गया परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देव संस्कृति उत्तर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी के मार्गदर्शन तथा शिक्षक अजय कुमार टांडी, लोकेश कुमार चंद्राकर तथा नंदकुमार साहू के संयोजन में परीक्षा का तनाव दूर करने परीक्षा पे चर्चा 2024 के सातवें चरण के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विद्यार्थियों से संवाद का लाइव प्रसारण विद्यालय के विद्यार्थियों ने देखा।

इस प्रसारण को देखने के लिए विद्यालय के दो हालों में दो बड़ी एलइडी टीवी की व्यवस्था की गई। विद्यार्थियों को लाइव प्रसारण देखने की व्यवस्था शिक्षक जितेंद्र चक्रधारी तथा योगिता महाकुर द्वारा किया



गया। इस कार्यक्रम को विद्यालय के 500 बच्चों ने देखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने व विद्यार्थियों में परीक्षा का तनाव दूर करने के लिए, विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब देकर उनकी शंका का समाधान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि विद्यार्थी स्वयं अपने मन से अपना मूल्यांकन कम या अधिक कर तनाव उत्पन्न कर लेते हैं। विद्यार्थियों की मध्य प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। पालक एवं परिवार द्वारा विद्यार्थियों को दिया गया सुझाव एवं संयोग भी परीक्षा के तनाव को कम करता है। तनाव को कम करने में विद्यार्थी एवं शिक्षक का संबंध महत्वपूर्ण होता है। साथ ही उन्होंने बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम करने, संतुलित आहार लेने तथा परीक्षा की तैयारी के लिए गुरु मंत्र भी दिए।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की समस्त स्टाफ में कुबेर प्रकाश गिरी (प्राचार्य), शशि प्रभा थिटे (अध्यक्ष), नंद कुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, लोकेश चंद्राकर, जितेन्द्र चक्रधारी, ऋषभ साहू, चौलेंद्र भोई, गरिमा साहू, चित्रलेखा साहू, बसंती यादव, योगिता महाकुर, विद्या सिन्हा, अनिता पिल्लई, जय श्रीवास्तव, सुनीता साहू, संजू पारेश्वर, योगिता कनौजे, मीनाक्षी पांडे, डिगेश्वरी चक्रधारी, भारती साहू आदि उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी संस्था के वरिष्ठ शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी है।